# ४. अध्याय चतुर्थ : प्रदतों का विश्लेषण एवं व्याख्या

Regional Library Bhopal

4.1. प्रस्तावना

4.2. विद्यालयीन रूपरेखा

4.3. बालिकाओं की विद्यालय से अपेक्षित सुविधाऐं

4.4 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में प्रवेश के पश्चात् बालिकाओं के अनुभव

4.5 विद्यालय में बालिकाओं को प्राप्त भौतिक एवं शैक्षिक सुविधाओं का विवरण

4.6 परिकल्पनाओं का परीक्षण तथा विश्लेषण

# अध्याय–चतुर्थ

# प्रदत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या

## 4.1. प्रस्तावना :

शोध कार्य में प्रदत्तों के संग्रहण के पश्चात् उस पर संख्यिकी प्रक्रिया करके या प्रदत्तों की वर्णनात्मक व्याख्या करके शोध कार्य के निष्कर्ष को प्राप्त कर सामान्यीकरण किया जाता है। शोध अध्ययन हेतु 7 परिकल्पनाएँ रखी गई है। जिसकी जाँच के उपरांत अध्ययन से निकले परिणाम की व्याख्या की गई है। कुछ तथ्यों के विश्लेषण हेतु अनुच्छेद लेखन तथा तालिकाओं का उपयोग किया गया है।

## 4.2. विद्यालयीन रूपरेखा :

विद्यालय से संबंधित मुख्य तत्वों का वर्णन निम्नानुसार है।

- **कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकित बालिकाओं की संख्या**

  वर्तमान में मध्यप्रदेश में कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में बालिकाओं हेतु 100 स्थान है। जिसके अनुरूप कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय कचनारी विकासखण्ड बिरसा तथा कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय परसामऊ विकासखण्ड बैहर में भी 100 बालिकाएँ नामांकित है जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछडा वर्ग की बालिकाएँ है।

## तालिका क्रमांक – 4.2.1

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कक्षावार नामांकित बालिकाओं की संख्या

| क्रं. | कक्षा | कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा | कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर |
|---|---|---|---|
| 1 | पहली | 03 | – |
| 2 | दूसरी | 06 | – |
| 3 | तीसरी | 14 | 02 |
| 4 | चौथी | 13 | 18 |
| 5 | पाँचवीं | 17 | 18 |
| 6 | छटवीं | 14 | 30 |
| 7 | सातवीं | 18 | 17 |
| 8 | आठवीं | 15 | 15 |
| कुल | | 100 | 100 |

उपरोक्त सारणी से ज्ञात होता है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर में 100–100 बालिकाएँ हैं दोनों कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में कक्षा आठवीं में 15–15 बालिकाऐं अध्ययनरत है।

## तालिका क्रमांक 4.2.2

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में श्रेणी के अनुसार बालिकाओं का नामांकन

| क्रं. | श्रेणी | कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा | कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर |
|---|---|---|---|
| 1. | अनुसूचित जाति | 10 | 8 |
| 2. | अनुसूचित जनजाति | 50 | 69 |
| 3. | अन्य पिछड़ा वर्ग | 40 | 18 |
| 4. | बैगा | – | 4 |
| | कुल | 100 | 100 |

उपरोक्त सारणी से ज्ञात होता है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा में 10 अनूसूचित जाति, 50 अनुसूचित जन जाति तथा 40 अन्य पिछड़ा वर्ग की बालिकाएँ है। कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर में 8 अनुसूचित जाति की बालिकाएँ 69 अनुसूचित जनजाति की जिसमें बैगा जनजाति की 4 बालिकाएँ सम्मिलित है, तथा 18 बालिकाएँ अन्य पिछड़ा वर्ग की है।

- **कस्तूरबा गांधी विद्यालय कर्मचारियों का विवरण :–**

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में बालिकाओं की देखभाल तथा विद्यालय के प्रबंधन हेतु कार्यनुसार कर्मचारी नियुक्त किए गए है। जिसमें शोधार्थी द्वारा कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों की निम्नस्थिति पाई गई :–

**तालिका क्रमांक– 4.2.3**

**कर्मचारियों की संख्या तथा लिंग का वर्णन**

| क्र. | कर्मचारी | संख्या | | लिंग | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | क.गा.बा.वि. कचनारी, बिरसा | क.गा.बा.वि. परसामऊ, बैहर | क.गा.बा.वि. कचनारी, बिरसा | क.गा.बा.वि. परसामऊ, बैहर |
| 1 | वार्डन | 1 | 1 | महिला | महिला |
| 2 | सहायक वार्डन | 1 | 1 | महिला | महिला |
| 3. | लेखापाल | 1 | 1 | पुरूष | पुरूष |
| 4. | रसोईया | 1 | 1 | महिला | महिला |
| 5. | सहायिका | 2 | 1 | महिला | महिला |
| 6 | चौकीदार | 1 | 1 | पुरूष | पुरूष |
| 7 | स्वीपर | 1 | 1 | पुरूष | पुरूष |
| कुल | | **8** | **7** | | |

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट  है कि दोनों कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में एक महिला वार्डन तथा एक महिला सहायक वार्डन है। एक पुरूष लेखापाल है। एक महिला रसोईया है तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी बिरसा में 2 महिला सहायिका है जबकि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर में एक महिला सहायिका है। दोनों विद्यालयों में एक–एक पुरूष चौकीदारी तथा स्वीपर के कार्य हेतु नियुक्त  है।



**कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के कर्मचारीगण**

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि विद्यालय में कार्यनुसार व्यक्तियों की नियुक्ति की गई है। तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा, में एक कर्मचारी की संख्या अधिक है।

- **पालक शिक्षक संघ समिति–**

विद्यालय की समस्या एवं आवश्यकताओं में मंच प्रदत्त करने हेतू तथा उन विचार विमर्श कर समाधान प्रस्तुत करने के लिए एक समिति बनाई गई जिसके अंतर्गत बालिकाओं के अभिभावक तथा शिक्षक सदस्य है। यह सदस्य माह में एक बार मिलते है तथा समय–समय पर जैसे परीक्षा परिणाम के पश्चात् विद्यालय के उत्सवों में बैठक करते है।

**तालिका क्र. –4.2.4**

**पालक शिक्षक संघ समिति के सदस्यों का वर्णन**

| क्र. | पद | संख्या | अभिभावक / शिक्षक | | लिंग | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय | | कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय | |
| | | | कचनारी, बिरसा | परसामऊ, बैहर | कचनारी, बिरसा | परसामऊ, बैहर |
| 1. | अध्यक्ष | 1 | अभिभावक | अभिभावक | पुरूष | पुरूष |
| 2. | उपाध्यक्ष | 1 | अभिभावक | अभिभावक | महिला | पुरूष |
| 3. | सचिव– | 1 | शिक्षक | शिक्षक | पुरूष | पुरूष |
| | **कुल** | **3** | | | | |

उपरोक्त तालिका से ज्ञात होता है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा की पालक शिक्षक संघ समिति में एक पुरूष अध्यक्ष है, जो अभिभावक है, तथा एक महिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त है। वह भी अभिभावक है तथा सचिव पद हेतु एक शिक्षक पुरूष है। इसी प्रकार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ में तीनों सदस्य पुरूष है। एक अध्यक्ष जो अभिभावक है। तथा एक पुरूष जो अभिभावक है उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त है। पुरूष शिक्षक सचिव पद पर नियुक्त है।

इससे यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि दोनों विद्यालयों में पालक शिक्षक संघ समिति है तथा आवश्यक पदों की पूर्ति की गई है।

**4.2.5 विद्यालय का भवन–तथा रहन सहन :–**

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का स्वयं का निजी भवन है, जिसमें एक कमरा कार्यालय हेतू, तीन कमरे जिसे डारमेट्री कहते हैं। बालिकाओं के आवास को हाऊस कहते है हाऊस का नाम नदियों के नाम पर गंगा, यमुना तथा कावेरी है। एक हाऊस में 25, 30, या 35 बालिकाएँ एक साथ रहती है। बालिकाओं के शयन हेतु पलंग की व्यवस्था है किन्तु कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ में पंलग की व्यवस्था नहीं हैं। एक रसोईघर तथा एक स्टोर रूम है दोनों विद्यालयों में एक बडा कमरा है। जिसका उपयोग वह सामूहिक रूप से टेलीविजन देखने या अध्ययन करने में करते हैं। कमरे के कुछ समीप ही तीन शौचालय



तथा 3 स्न् ानघर की व्यवस्था है जो बालिकाओं के दैनिक क्रियाकलाप के लिए सुविधाजनक है। जिसकी नियमित स्वच्छता की जाती है। विद्यालय की ईमारत के बाहर खेल का मैदान है जिसका लकड़ी की दीवार द्वारा घेराव किया गया है। यहाँ

बालिकाएँ अपने मनपसंद खेल खेलती है। मैदान के किनारे पर कुछ क्यारियाँ बनी हुई है जहाँ पुष्पआदि के पौधे लगाए गए है।

**4.2.6 बालिकाओं का भोजनः—**

बालिकाओं के भोजन आदि की व्यवस्था हेतु दिवसवार दिए जाने वाले भोजन की एक सूची बनाई गई है। जिसके अनुसार बालिकाओं को भोजन प्रदान किया जाता है। प्रत्येक दिन 3 बार, सुबह नाश्ता, दोपहर का भोजन तथा रात का काभोजन दिया जाता है। जो संतुलित आहार के रूप में होता है। सुबह के नाश्ते में बालिकाओं को उपमा, अंकुरित चना, हलुवा, अंकुरित तला हुआ चना, पकौड़ें तथा आलू पोहा दिया जाता है। दोपहर के भोजन में प्रत्येक दिन दाल, चावल सब्जी (मौसमी) तथा शनिवार को दोपहर में भोजन में दाल चावल एवं कढ़ी दी जाती है।




**बालिकाओं को दिवसवार दिये जाने वाले भोजन की सूची**

**तलिका क्रमांक 4.2.7**

**बलिकाओं द्वारा वर्कशॉप में किए जाने वाले कार्य**

| वर्कशॉप के कार्य | बलिकाओं की संख्या | | | | कुल | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा | | कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर | | | |
| | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत | | |
| सिलाई | 3 | 20% | 4 | 26.6% | 7 | 23.3% |
| कढ़ाई | 5 | 33.3% | 4 | 26.6% | 9 | 30% |
| पेंटिंग | 2 | 13.3% | 2 | 13.3% | 4 | 13.3% |
| कार्ड | 2 | 13.3% | 1 | 6.6% | 3 | 10.0% |
| सभी कार्य | 3 | 20% | 4 | 26.6% | 7 | 23.3% |
| कुल | 15 | 100% | 15 | 100% | 30 | 100% |

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में वर्कशॉप में बालिकाओं द्वारा सर्वाधिक किया जाने वाला कार्य कढ़ाई सिलाई हैं जिसे 30 प्रतिशत बालिकाएँ करती है। तथा सभी कार्य बालिकाओं द्वारा 23.3 प्रतिशत किया जाता है तथा कार्ड बनाने का कार्य सबसे कम 10 प्रतिशत किया जाता है।

उपरोक्त आधार पर कहा जा सकता है कि सभी बालिकाएँ वर्कशॉप में रूचि के अनुसार कम से कम एक कार्य अवश्य करती है।

**तालिका क्रमांक–4.2.8**

**बालिकाओं द्वारा पसंद किए जाने वाले खेलों का विवरण**

| क्रमांक | खेल | कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा | | कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत |
| 1 | हॉकी | 5 | 33.33% | 3 | 20% |
| 2 | फुटबाल | 1 | 6.6% | - | - |
| 3 | बेडमिंटन | 2 | 13.33% | 2 | 13.33% |
| 4 | कबड्डी | - | - | 1 | 6.66% |
| 5 | चिड़िया | - | - | 2 | 13.33% |
| 6 | खो–खो | 2 | 13.33% | 1 | 6.66% |
| 7 | क्रिकेट | 2 | 13.33% | - | - |
| 8 | कैरम | - | - | 1 | 6.66% |
| 9. | शतरंज | - | - | 1 | 6.66% |
| 10 | लम्बीकूद | - | - | 2 | 6.66 |
| 11 | सभीखेल | 3 | 20% | 2 | 13.33% |
| 12 | कुलयोग | 15 | 100% | 15 | 100% |

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी बिरसा की बालिका सबसे अधिक 33.33 प्रतिशत बालिकाएँ हॉकी खेलना पसंद करती है। 20 प्रतिशत बालिकाएँ सभी खेल पसंद करती है तथा सबसे कम 6.6

प्रतिशत बालिकाएॅ फुटबाल खेलती है। कबड्डी, चिडिया, कैरम, शतरंज एवं लम्बीकूद कोई बालिका पसंद नहीं करती है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर की 20 प्रतिशत बालिकाएॅ हॉकी खेलना पसंद करती है। तथा 13.33 प्रतिशत बालिकाएॅ सभी खेल खेलना पसंद करती है। केवल फुटवाल तथा क्रिकेट खेलना कोई बालिका पसंद नहीं करती है।

निष्कर्ष यह है कि बालिकाएँ अधिकतर बालिकाओं द्वारा खेल में रूचि ली जाती है जिसे प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

**तालिका क्रमांक 4.3.**

**बालिकाओं की विद्यालय से अपेक्षित सुविधाएँ**

| क्र. | सुविधाएँ | कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा | | कस्तूरबा गांधी बालिका परसामऊ, बैहर | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत |
| 1 | कम्प्यूटर | 1 | 6.66% | 1 | 6.6% |
| 2 | फर्नीचर (कुर्सी, मेज, पंलग) | - | - | - | - |
| 3 | बड़ा कमरा | 2 | 13.33% | 1 | 6.6% |
| 4 | खेल का बडा मैदान | 1 | 6.6% | - | - |
| 5 | छात्रवृत्ति की राशि में वृद्धि | 1 | 6.6% | 1 | 6.6% |
| 6 | 12वी तक अध्ययन व्यवस्था | 1 | 6.6% | 2 | 13.33% |
| 7 | सभी सुविधाएँ | 9 | 60% | 10 | 66.66% |
| कुलयोग | | 15 | 100% | 15 | 100% |

उपरोक्त तालिका से ज्ञात होता है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा की 60 प्रतिशत बालिकाएँ सभी सुविधाएँ चाहती है। तथा 13.33

प्रतिशत बालिकाऍं आवास हेतु बड़े कमरे की आवश्यकता महसूस करती हैं। 6.6 प्रतिशत बालिकाऍं पृथक–पृथक कम्प्यूटर, खेल का बड़ा मैदान, छात्रवृत्ति की राशि में वृद्धि तथा 12वीं तक अध्ययन की व्यवस्था आवश्यक समझती है। इसी प्रकार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की 66.66 प्रतिशत बालिकाऍं सभी सुविधाएँ चाहती है। तथा 13.33 प्रतिशत बालिकाएँ पृथक–पृथक कम्प्यूटर, बड़ा कमरा तथा छात्रवृत्ति की राशि को बढ़ाया जाना आवश्यक समझती है।

प्राप्त निष्कर्ष यह कि उपरोक्त सारणी में वर्णित सुविधाएँ अधिकतम बालिकाओं द्वारा आवश्यक समझी जाती है। तथा विद्यालय द्वारा अपेक्षित है।

## 4.4. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में प्रवेश के पश्चात् बालिकाओं का अनुभवः—

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में बालिकाओं के प्रवेश के पश्चात् उन्होनें अपने दैनिक क्रिया कलाप, आचार विचार एवं व्यवहार तथा जीवन के प्रति दृष्टिकोण में एक अच्छा परिवर्तन पाया है। जिसे उनके ही शब्दों में जानने से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का मिशन बहुत सीमा तक सार्थक प्रतीत होता है।

### ❖ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा :

- **इस विद्यालय की बालिका 'क' कहती हैः—** मुझे यहाँ आने के बाद अच्छा लगा। यहाँ आने के बाद मै अपने से बड़ो से बिना डर के बाते करती हूँ। यहाँ आने के बाद मुझमें आत्मविश्वास बढ़ गया है। मै बड़ी होकर पायलेट बनना चाहती हूँ।

- **इस विद्यालय की बालिका 'ख' कहती है :—** मै सभी से बाते कर लेती हूँ और अब मैं भी कुछ बन सकती हूँ। बड़ी होकर मैं पुलिस बनना चाहती हूँ।

- **इस विद्यालय की बालिका 'ग' कहती है :—** मै बहुत खुश हूँ । मैं अब और अच्छे से पढ़ाई करने लगी हूँ। मै बड़ी होकर डाक्टर बनना चाहती हूँ।

- **इस विद्यालय की बालिका 'घ' कहती है :–** मेरी पढ़ाई में अन्तर आया है। पहले मै ज्यादा अच्छे से पढ़ाई नहीं कर पाती थी, पर अब बहुत पढ़ना चाहती हूँ। मैं बड़ी होकर शिक्षिका टीचर बनना चाहती हूँ।

### ❖ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर :

- **इस विद्यालय की बालिका 'अ' कहती है :–** इसके पहले मैं जहाँ पढ़ती थी, मुझे कुछ नहीं मालूम था। अब बहुत कुछ समझने लगी हूँ। मैं पढलिखकर इंजीनियर बनना चाहती हूँ।

- **इस विद्यालय की बालिका 'ब' कहती है :–** यहाँ आकर मैने अच्छे से पढाई करना सीखा है। खेल भी बहुत अच्छे लगते है। मैं डाक्टर बनाना चाहती हूँ। हूँ

- **इस विद्यालय की बालिका 'स' कहती है :–** यहाँ आकर मुझे बहुत सारी सहेलियाँ मिली हैं । मैं पढलिखकर देश की सेवा करना चाहती हूँ मै सिस्टर बनना चाहती हूँ ।

- **इस विद्यालय की बालिका 'द' कहती है:–** यहाँ आकर मैने सीखा सबके साथ किस प्रकार रहते है तथा व्यवहार करते है। मैडम से कैसे बात करते है और मुझे बहुत अच्छा लगता है। मै टीचर बनना चाहती हूँ ।

## 4.5 बालिकाओं को विद्यालय से प्राप्त भौतिक एवं शैक्षिक सुविधा का विवरण :–

विद्यालयों में उपलब्ध भौतिक एवं शैक्षिक सामग्री की जानकारी प्राप्त करने हेतु 'चेकलिस्ट' का उपयोग किया है। चेकलिस्ट में सामग्री का विवरण कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के निर्देश प्रपत्र 2008–2009 के अनुसार है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर में प्रदान की गई भौतिक एवं शैक्षिक सुविधाओं का विवरण निम्नानुसार है।

**4.5.1 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा :–**

इस विद्यालय में चेकलिस्ट के आधार पर जाँच करने पर निम्न भौतिक पाई गई–

**4.5.1.1. भौतिक सुविधा –**

1. **विद्यालय का भवन** – विद्यालय का स्वयं का निजी भवन है, जहाँ 3 कमरे बालिकाओं के आवास हेतु है। कमरे आकार बालिकाओं की संख्या के अनुरूप वर्तमान स्थिति में अधिक होने की आवश्यकता है। एक कमरा कार्यालय हेतु, एक रसोईघर तथा एक कमरा स्टोररूम हेतु है। विद्यालय भवन में ही 3 शौचालय तथा 3 स्नानघर की व्यवस्था है। विद्यालय में एक खेल का मैदान तथा कुछ स्थान बागवानी हेतु रखा गया है।

2. **फर्नीचर (कुर्सी, मेज, पलंग) :–** फर्नीचर के अंतर्गत बालिकाओं को मुख्यतः पलंग तथा कुर्सी एवं मेज प्रदान किया जाना है। इस विद्यालय में बालिकाओं को पलंग प्रदान किये गये है किन्तु कुर्सी एवं मेज नहीं प्रदान किए गए है।

3. **पुस्तकालयः–** पुस्तकालय हेतु 2 अलमारी है जिसमें बालिकाओ के पठन पाठन से संबंधित पुस्तके हैं, जैसे कक्षावार पाठ्यक्रम की पुस्तके, कहानी की पुस्तकें, समाचार पत्र इत्यादी।

4. **कम्प्यूटर कक्ष :–** विद्यालय में न तो कम्प्यूटर कक्ष है और ना ही कम्प्यूटर व्यवस्था है, किन्तु निर्देश प्रपत्र के अनुसार यह सुविधा प्रस्तावित है।

5. **खेलकूद सामग्रीः–** बालिकाओं के खेलने हेतु हॉकी, फुटबाल, बेडमिंटन और क्रिकेट से संबंधित सामग्री उपलब्ध है।

6. **स्वास्थ्य सुविधा :–** प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था विद्यालय में उपलब्ध है तथा बालिकाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए सप्ताह में एक बार तथा आवश्यकतानुसार डाक्टर बुलाए जाते है।

7. **वर्कशॉपः**— यहाँ बालिकाओं की रूचि के अनुसार सिलाई, कढाई, कार्ड बनाना इत्यादि कार्य किए जाते है। जिसके लिए विद्यालय द्वारा कच्चा माल जैसे कपड़ा, कागज, धागे रंग, इत्यादि उपलब्ध कराये जाते हैं।

8. **निजी उपयोग का सामान** :— बालिकाओं की बहुत सी व्यक्तिगत आवश्यकताएॅं होती है। जिसकी सुविधा भी विद्यालय द्वारा बालिकाओं को प्रदान की जाती है। इन सुविधाओं के अंतर्गत निम्नलिखित सामान प्रतिमाह, तथा समयानुसार बालिकाओं को उपलब्ध कराया जाता है।

कपड़े, बर्तन, चप्पल, जूता, मोजा, साबुन, शैम्पू, साबुनदानी, क्रिम, बिन्दी, तेल, पेस्ट, टूथब्रश, कंघा, मच्छरदानी, स्वेटर, प्लास्टिक के बाक्स, सुई—धागा आदि।

9. **टेलीविजन** :— मनोरंजन के साधन के रूप में एक टेलीविजन प्रदान किया गया है। जिस पर सामूहिक रूप से बालिकाओं द्वारा विभिन्न ज्ञान वर्धक तथा मनोरंजक कार्यक्रम देखे जाते हैं।

10. **भोजन** :— बालिकाओं को प्रत्येक दिन 3 बार भोजन दिया जाता है। जिसमें सुबह का नाश्ता, दोपहर का भोजन तथा रात का भोजन सम्मिलित है। भोजन की सामग्री के लिए प्रत्येक दिन के लिए एक सूची निर्धारित की गई है। भोजन उसी के अनुसार बालिकाओं को प्रदान किया जा रहा है।

11. **प्रतिमाह वृत्तिका** :— नियम के अनुसार बालिकाओं को प्रतिमाह 50 रूपये दिया जाना सुनिश्चित किया गया है जिसके अनुसार बालिकाओं को प्रतिमाह 50 रूपये दिये जाते है। कुछ बालिकाएँ यह रूपये भविष्य हेतु बैंक में जमा करती हैं।

**4.5.1.2 .शैक्षिक सुविधाः—**

शिक्षण के लिए आवश्यक वस्तुएँ जैसे — बस्ता, कापी, पेन, रजिस्टर को शैक्षिक सामग्री कहते है तथा अन्य शिक्षण सुविधाएँ जो अध्ययन में सहायता प्रदान करती है, दोनों एक साथ शैक्षिक सुविधाएँ कहा जाता है। इस विद्यालय में निम्न शैक्षिक सुविधाएँ की जा रही हैं।

1. **शैक्षिक सामग्री** :– इसके अंतर्गत निम्न शैक्षिक सामग्री बालिकाओं को उपलब्ध कराई जाती है। प्रत्येक बालिका को एक बस्ता, 6 कापी, 2 पेन तथा 6 रिफिल, 4 रजिस्टर, संबंधित विषय की एक किताब, एक डायरी, एक पेसिंल, एक रबर, एक शॉपनर प्रदान किया जाता है।
2. **शिक्षक/शिक्षिकाएँ**:– बालिकाओं को उपचारात्मक अध्ययन कराने हेतु विद्यालय में 4 शिक्षिकायें है जो बालिकाओं को विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित तथा भाषा का अध्ययन कराती है।
3. **शिक्षण सहायक सामग्री** :– विद्यालय शिक्षण सहायक सामग्री हेतु चार्ट, मॉडल, आदि का उपयोग किया जाता है। तथा कुछ विषयों के लिए बच्चों की भागीदारीपूर्ण गतिविधि कराई जाती है।

## 4.5.2 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर :–

**4.5.2.1 भौतिक सुविधाएँ** – विद्यालय में निम्नलिखित भौतिक सुविधाएँ उपलब्ध है।

1. **विद्यालय का भवन** :– विघालय का एक मंजिला निजी भवन है, जिसके अंतर्गत 3 कमरे बालिकाओं के आवास हेतु है। कार्यालय हेतु एक कक्ष है। रसोईघर तथा एक स्टोर रूम है। 3 शौचालय तथा 3 स्न् ानघर की व्यवस्था हैं।
2. **फर्नीचर (कुर्सी, मेज, पलंग)**:– विद्यालय में पलंग तथा कुर्सी–मेंज नहीं प्रदान किए गए।
3. **पुस्तकालय**:– पुस्तकालय हेतु 2 अलमारी है, जिसमें बालिकाओं पठन–पाठन से संबंधित पुस्तके रखी जाती है। इसमें कक्षावार पाठयक्रम से संबंधित पुस्तके, कहानी की पुस्तकें समाचार पत्र आदि रखे जाते है।
4. **कम्प्यूटर** :– विद्यालय में कम्प्यूटर नही हैं किन्तु यह शासन्  द्वारा प्रस्तावित है।
5. **खेलकूद सामग्री** :– बालिकाओं के खेलने हेतु, हॉकी, फुटबाल, बेडमिंटन और क्रिकेट से संबंधित सामग्री उपलब्ध है।

6. **स्वास्थ्य सुविधा** :— विद्यालय में प्राथमिक चिकित्सा हेतु एक बाक्स है, जिसमें आवश्यक दवाएँ तथा पट्टी, डिटाल एवं कैची, एंटीसेप्टीक क्रीम उपलब्ध है। डाक्टर सप्ताह में एक बार आते है तथा आवश्यकतानुसार भी बुलाऐ जाते है।

7. **वर्कशॉप** :— यहाँ बालिकाओं द्वारा उनकी रूचि के अनुसार तथा व्यावसायिक उददेश्य को पूर्ण करने वाले कार्य जैसे सिलाई, कढ़ाई कार्ड, बनाना पेटिंग इत्यादि किए जाते है। जिसके लिए विद्यालय कच्चा माल जैसे कागज, कपडा रंग इत्यादि प्रदान किया जाता है।

8. **निजी उपयोग का सामान** :— बालिकाओं के निजी आवश्यकताओं की पूर्ति भी विद्यालय द्वारा की जाती है। जिसमें से उस विद्यालय में निम्न वस्तुएॅ नियमित रूप से उपलब्ध कराई जा रही है।

   कपड़े, बर्तन, चप्पल, जूता, मोजा, साबुन, शैम्पू, साबुनदानी, क्रिम, बिंदी, तेल, पेस्ट, दूथब्रश, कंघा, मच्छर दानी, स्वेटर, प्लास्टिक के बाक्स, सुई–धागा आदि।

11. **टेलीविजन** :— विद्यालय में एक टेंलीविजन है। जिस पर सामूहिक रूप से बालिकाओं द्वारा ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजक कार्यक्रम देखे जाते है।

12. **भोजनः**— बालिकाओं को प्रतिदिन 3 बार भोजन दिया जाता है। जिसमें सुबह का नाश्ता, दोपहर का भोजन तथा शाम का भोजन दिया जाता है। यहाँ भोजन देने के लिए दिवस अनुसार भोजन सूची तैयार की गई हैं। दोपहर एवं शाम का मुख्य भोजन चावल होता है।

13. **प्रतिमाह वृत्तिका** :— विद्यालय में बालिकाओं को प्रतिमाह 50 रूपये वृत्तिका प्रदान की जा रही है।

**4.5.2.2. शैक्षिक सुविधा :—**

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर निम्नलिखित शैक्षिक सामग्री एवं शिक्षण से संबंधित सुविधाएँ प्रदान की जा रही है।

1. **शैक्षिक सामग्री:—** इसके अंतर्गत निम्न शैक्षिक सामग्री बालिकाओं को उपलब्ध कराई जाती है। प्रत्येक बालिका को एक बस्ता, 6 कापी, 2 पेन तथा 6 रिफिल, 4 रजिस्टर, संबंधित विषय की एक किताब, एक डायरी, एक पेसिंल, एक रबर, एक शॉपनर प्रदान किया जाता है।

2. **शिक्षक / शिक्षिकाएँ :—** बालिकाओं को उपचारात्मक अध्ययन कराने हेतु विद्यालय में 4 शिक्षक है, जो बालिकाओं को विज्ञान, गणित, सामाजिक, विज्ञान तथा भाषा का अध्ययन कराते है।

3. **शिक्षण सहायक सामग्री :—** विद्यालय में शिक्षण सहायक सामग्री हेतु चार्ट तथा मॉडल उपलब्ध है। तथा कुछ विषय के लिए बच्चों की भागीदारीपूर्ण गतिविधि कराई जाती है।

## 4.6 परिकल्पनाओं का परीक्षण तथा विश्लेषण :—

उपकरणों के प्रशासन से संकलित प्रदत्तों के आधार पर परिकल्पनाओं की स्वीकृति एवं अस्वीकृति हेतु प्रदत्तों का सारणीयन एवं विश्लेषण किया गया है।

**4.6.1 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर के कक्षा 8वीं की बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सार्थक अंतर नहीं है।**

**तालिका क्रमांक – 4.6.1.1**

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर के कक्षा 8 की बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि के मध्य अंतर का विवरण—

| क्र | चर | विद्यालय का नाम | बालिकाओं की संख्या | माध्य मान | प्रमाप विचलन | टीमान | मुक्तांश | सार्थकता स्तर | परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शैक्षिक उपलब्धि | कस्तूरबा गांधी बालिका विघालय कचनारी, बिरसा | 15 | 240.27 | 22.83 | 1.526 | 28 | 0.01 | सार्थक अंतर नहीं है |
| 2. | | कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ बैहर | 15 | 250.00 | 23.97 | | | | |

उपरोक्त सारणी से यह ज्ञात होता है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा का मध्यमान 240.27 एवं प्रमाप विचलन 22.83 है। तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर का मध्यमान 250.00 एवं प्रमाप विचलन 23. 97 है। इसका t मूल्य 1.526 है जो 0.01 स्तर पर सार्थक नहीं है अतः शून्य परिकल्पना स्वीकृत की जाती है।

अतः यह कहा जा सकता है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर की कक्षा 8 की बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि में सार्थक अंतर नहीं है।

शून्य परिकल्पना स्वीकृत की जाती है।

**4.6.2. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर की कक्षा 8वीं की बालिकाओं के द्वारा भौतिक सुविधा के उपयोग में सार्थक अंतर नही हैं।**

**तालिका– 4.6.2.1**

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, विरसा तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ बैहर की कक्षा 8 की बालिकाओं के द्वारा भौतिक सुविधा के उपयोग के मध्य अंतर का विवरण –

| क्र | चर | विद्यालय का नाम | बालिकाओं की संख्या | माध्य मान | प्रमाप विचलन | टीमान | मुक्तांश | सार्थकता स्तर | परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भौतिक सुविधा का उपयोग | कस्तूरबा गांधी बालिका, विद्यालय कचनारी विरसा | 15 | 24.73 | 2.34 | 1.526 | 28 | 0.01 | सार्थक अंतर नहीं है। |
| 2. | | कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ,बैहर | 15 | 25.93 | 1.94 | | | | |

उपरोक्त सारणी से यह ज्ञात होता है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी बिरसा का मध्यमान 24.73 तथा प्रमाप विचलन 2.34 है। तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर का मध्यमान 25.93 तथा प्रमाप विचलन 1. 94 है।

उसका t मूल्य 1.526 है। जो 0.01 स्तर पर सार्थक नही है। अतः शून्य परिकल्पना स्वीकृत की जाती है।

अतः यह कहा जा सकता है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर की कक्षा 8 की बालिकाओं द्वारा भौतिक सुविधा के उपयोग में सार्थक अंतर नहीं है।

शून्य परिकल्पना स्वीकृत की जाती है।

**4.6.3. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर की कक्षा 8वीं की बालिकाओं के द्वारा शैक्षिक सुविधाओं के उपयोग में सार्थक अंतर नहीं है।**

तलिका–4.6.3.1

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी बिरसा तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर की कक्षा 8 की बालिकाओं के द्वारा शैक्षिक सुविधाओं के उपयोग कें अंतर का विवरण –

| क्र | चर | विद्यालय का नाम | बालिकाओं की संख्या | मध्यमान | प्रमाप विचलन | टीमान | मुक्तांश | सार्थकता स्तर | परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शैक्षिक सुविधा का उपयोग | कस्तूरबा गांधी बालिका, विद्यालय कचनारी बिरसा | 15 | 22.87 | 2.29 | 1.013 | 28 | 0.01 | सार्थक अंतर नहीं है। |
| 2. | | कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ,बैहर | 15 | 23.80 | 2.73 | | | | |

उपरोक्त सारणी से ज्ञात होता है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी बिरसा का मध्यमान 22.87 तथा प्रमाप विचलन 2.29 है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ बैहर का मध्यमान 23.80 एवं प्रमाप विचलन 2.73 है।

इसका t मूल्य 1.013 है जो 0.01 स्तर पर सार्थक नहीं है। अतः शून्य परिकल्पना स्वीकृत की जाती है।

अतः कहा जा सकता है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी बिरसा तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ की कक्षा 8 की बालिकाओं द्वारा शैक्षिक सुविधा के उपयोग में सार्थक अंतर नही है।

शून्य परिकल्पना स्वीकृत की जाती है।

**4.6.4. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी बिरसा की कक्षा 8वीं की बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि तथा भौतिक सुविधा के उपयोग के मध्य सार्थक सहसंबंध नहीं है।**

तलिका कमांक –4.6.4.1

**कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी बिरसा की कक्षा की बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि तथा भौतिक सुविधा के उपयोग के मध्य संबंध का विवरण –**

| क्र. | चर | संख्या | मध्यमान | मानक विचलन | सहसंबंध गुणांक | परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शैक्षिक उपलब्धि | 15 | 240.27 | 22.83 | 0.166 | सार्थक सहसंबंध नहीं है। |
| 2. | भौतिक सुविधा का उपयोग | 15 | 24.13 | 2.34 | | |

उपरोक्त सारणी में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा की कक्षा 8 बालिकाओं को प्राप्त भौतिक सुविधा का मध्यमान 24.13 तथा मानक विचलन 2.34 एवं शैक्षिक उपलब्धि का मध्यमान 240.27 तथा मानक विचलन 22.83 तथा दोनों चरो के मध्य सहसंबंध गुणांक .166 प्राप्त हुआ।

अतः कहा जा सकता है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा के कक्षा 8 वीं बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि तथा भौतिक सुविधा के उपयोग के मध्य सार्थक सहसंबंध नहीं है।

शून्य परिकल्पना स्वीकार की जाती है।

**4.6.5 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा की कक्षा 8वीं की बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि तथा शैक्षिक सुविधा के उपयोग के मध्य सार्थक संबंध नहीं है।**

तालिका क्रमांक –4.6.5.1

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी बिरसा की कक्षा की बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि तथा शैक्षिक सुविधा के उपयोग के मध्य संबंध का विवरण–

| क्र. | चर | संख्या | मध्यमान | मानक विचलन | सहसंबंध गुणांक | परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शैक्षिक उपलब्धि | 15 | 240.27 | 22.83 | 0.688 | औसत स्तर का धनात्मक सार्थक सहसंबंध है। |
| 2. | शैक्षिक सुविधा का उपयोग | 15 | 22.87 | 2.29 | | |

उपरोक्त सारणी से यह ज्ञात होता कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा के कक्षा 8वीं की बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि का मध्यमान 240.27 एवं मानक विचलन 22.83 है तथा शैक्षिक सुविधा का मध्यमान 22.87 तथा मानक विचलन 2.29 तथा दोनों चरों के मध्य सहसंबंध गुणांक .688 है।

अतः कहा जा सकता है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कचनारी, बिरसा की कक्षा 8वीं की बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि तथा शैक्षिक सुविधा के मध्य औसर स्तर का धनात्मक सहसंबंध है।

शून्य परिकल्पना अस्वीकृत की जाती है।

**4.6.6. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर की कक्षा 8वीं बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि तथा भौतिक सुविधा के मध्य सार्थक संबंध नहीं है।**

**तालिका –4.6.6.1**

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर की कक्षा 8वीं बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि तथा भौतिक सुविधा के मध्य संबंध का विवरण –

| क्र. | चर | संख्या | मध्यमान | मानक विचलन | सहसंबंध गुणांक | परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शैक्षिक उपलब्धि | 15 | 250.00 | 23.97 | 0.086 | सार्थक सहसंबंध नहीं है। |
| 2. | भौतिक सुविधा का उपयोग | 15 | 25.93 | 1.94 | | |

उपरोक्त सारणी से ज्ञात होता है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर की कक्षा 8 की बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि का मध्यमान 250.00 तथा मानक विचलन 23.97 है तथा भौतिक सुविधा का मध्यमान 25.93 तथा मानक विचनल 1.94 तथा दोनों चरों के मध्य सहसंबंध गुणांक .086 प्राप्त हुआ।

अतः कहा जा सकता है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ बैहर की कक्षा 8 की बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि तथा भौतिक सुविधा के उपयोग के मध्य सार्थक सहसंबंध नही है।

शून्य परिकल्पना स्वीकार की जाती है।

**4.6.7. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर की कक्षा 8वीं की बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि तथा शैक्षिक सुविधा के मध्य सार्थक संबंध नही है।**

तालिका–4.6.7.1

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर की कक्षा 8वीं की बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि तथा शैक्षिक सुविधा के मध्य संबंध का विवरण–

| क्र. | चर | संख्या | मध्यमान | मानक विचलन | सहसंबंध गुणांक | परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शैक्षिक उपलब्धि | 15 | 250.00 | 23.97 | 0.531 | औसत स्तर का धनात्मक सहसंबंध है। |
| 2. | शैक्षिक सुविधा का उपयोग | 15 | 23.80 | 2.73 | | |

उपरोक्त सारणी से यह ज्ञात होता है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ, बैहर की कक्षा 8वीं की बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि का मध्यमान 250.00 तथा मानक विचलन 23.97 है तथा शैक्षिक सुविधा का मध्यमान 23.80 तथा मानक विचलन 2.73 है तथा दोनों चरों के मध्य सहसंबंध गुणांक .531 प्राप्त हुआ है।

अतः कहा जा सकता हैं कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसामऊ बैहर की कक्षा 8वीं की बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि तथा शैक्षिक सुविधा के मध्य औसत स्तर का धनात्मक सहसंबंध है।

शून्य परिकल्पना अस्वीकृत की जाती है।